| | | | |
|---|---|---|---|
| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**Mock Exam - Feb.2017** | | **Course:** | I PUC |
| | | **Subject:** | HINDI |
| | | **Max. Marks:** | 100 |
| | | **Duration:** | 3:00 |

**सूचना: (i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।**

**(ii) प्रश्नों को संख्या के अनुसार लिखना आवश्यक है।**

I **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **1 x 6 = 6**

१) आनंदी के पिता का नाम लिखिए।

२) स्वामी विवेकानंद के अनुसार भारत के राष्ट्रीय आदर्श क्या हैं ?

३) किसने बिंन्दा के पैरों पर तिल का तेल लगाया?

४) भीमराव ने मैट्रिक परीक्षा कब पास की ?

५) हृदय रोग के दो रुप कौन–से हैं ?

६) बेहोशी का अभिनय करने वाले लड़के का नाम लिखिए।

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७) सर्व धर्म सहिष्णुता के बारे में स्वामी विवेकानंदजी के विचार लिखिए।

८) बद्रीनाथ की घाटी का चित्रण कीजिए।

९) अनट्रेंड अध्यापकों के चुनाव के माहौल का वर्णन कीजिए।

१०) वैध और प्रोफेसर के आमने–सामने आने के बाद का दृश्य प्रस्तुत कीजिए।

११) धृतराष्ट्र का उल्लेख लेखक ने क्यों किया है ?

II**अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **4 x 1 = 4**

१२) जल्दी से पका दो, मुझे भूख लगी है।

१३) तुम भी खा लेना, गाय को भी खिला देना।

१४) 'तुम कभी तारा न बनना, चाहे भगवान कितना ही चमकीला तारा बनावें।

१५) 'अरे बिच्छू–बिच्छू।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६) पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ?

१७) ज्यों–ज्यों कर्म क्षीण होता जाता है त्यों–त्यों निन्दा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है।

१८) वह आकर्षण है–सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का।

१९) उन सबका मूल आधार पारस्परिक साहिष्णुता और समन्वय पर निर्भर है।

III **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२०) मीराबाई ने किसकी संगति में बैठकर लोक–लाज छोडा?

२१) कनक, कामिनी और माटी को लोगों ने क्या कहा ?

२२) सीता की सखियाँ कौन है?

२३) पत्थर तोड़ती नारी के तन का रंग कैसा था?

२४) कवयित्री ने हमेशा किस प्रकार का व्यवहार किया?

२५) 'सूख की एक साँस पर क्या निछावर है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 3 = 6**

२६) मीराबाई की कृष्ण भक्ति का वर्णन कीजिए।

२७) 'कुटिया में राज भवन' कविता का आशय संक्षेप में लिखिए'।

२८) 'प्रतिभा का मूल बिन्दु' कविता का भाव संक्षेप में लिखिए '।

२९) 'मत धबराना' कविता में प्रकृति को प्रेरणास्त्रोत क्यों कहा गया है ?

**इ) संदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३०) कस्तरी कुंडली बसै, मृग ढूँढे बन मांहि ।
ऎसे घटि घटि राम है, दुनिया देखों नांहि ॥

**अथवा**

तुलसी काया खेत है, मनसा भयौ किसान ।
पाप पुण्य दोउ बीज हैं, बुवै सौ लुनै निदान ॥

३१) देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भावन की ओर देखा, छिन्नतार
देखकर कोइ नहीं
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा गेइ नहीं ।

**अथवा**

जीवन में न निराशा मुझको
कभी रूलाने को आई ।
‘जग झूठा है’ यह विरक्ति भी,
नहीं सिखाने को आई ॥

IV **अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

३२) बालक की आँखें किसकी सौगन्ध खा रही थीं ?
३३) श्मशान कहानी की लेखिका कौन हैं ?
३४) चाचा मंगलसेन चिलम थामे क्या देखा रहा था ?
३५) चंद्रप्रकाश के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति कैसे जीना चाहता है ?
३६) प्रतिष्टित साहित्य संस्था ने किसको सम्मनित किया?
३७) मुंशीजी की छँटनी किस विभाग से हो गई थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

३८) शराबी एक रुपरा से क्या खरीदना चाहता था और बाद में क्या खरीद लिया ?
३९) मनुष्य के प्रेम के बारे में श्मशान के विचार प्रकट कीजिए ?
४०) वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
४१) दिल्ली में शीत लहर के, प्रकोप का वर्णन कीजिए ।
४२) हिन्दी अखबार ‘नई दुनिया’ में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए ।
४३) सिद्धेश्वरी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

V **अ) वाक्य शुद्ध कीजिए :** **5 x 1 = 5**

४४) क) आनंदी अपने नये घर में आया ।
ख) निन्दा का रोसी ही महिमा है ।
ग) मंदिर में पूजा हो रहा था ।
घ) उनकी पितामह किसी समय बडे धन–धान्य सम्पन्न थे ।
ङ) अपके बारे में मुझसे कोई भी बुरी नहीं कहता ।

**आ) कोष्ठक में दिये गये उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए :** **5 x 1 = 5**

**(में, का, के लिए, तुफान, पर)**

४५ (i) सुबह चाय पीकर अखबार देख रहा था कि वे---------की तरह कमरे में धुसे ।
(ii) थूल्हे------चढ़ाया दूध उफना जा रहा था ।
(iii) उस समय राकं अछूत-----यह बहुत अनोखी बात थी ।
(iv) उसके सीने------दर्द उठाने लगता है ।
(v) तीन दिन तक हम उस प्रदेश-----वैभव देखते रहे ।

**इ) निम्नलिखित मुहावरो को अर्थ के साथ जोडकर लिखिए :** **4 x 1 = 4**

| | |
|---|---|
| ४६.(i) खून का घूँटे पीकर रह जाना | अ) शोर मयाना । |
| (ii) कल्लोल करना | आ) क्रोध को दबाकर बैठ जाना |
| (iii) नाक रागड़ना | इ) बौखला जाना |
| (iv) तिलमिला उठना | ई) गिड़गिडाना |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए :** **3 x 1 = 3**

४७.(i) तीन सौ अध्यापक चुने जायेंग । (वर्तमान काल में बदलिए)
(ii) मनुष्य सभ्यता का निर्मण करेगा । (भूतकाल में बदलिए)
(iii) हमारे ज़ान के कपाट खुलते हैं । (भविष्यत काल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रुप लिखिए :** **2 x 1 = 2**

४८. बुद्धिमान, साहब

**ऊ) अन्य वचन रुप लिखिए :** **2 x 1 = 2**

४९. भुजा, पुस्तक

**ए) समनार्थक शब्द लिखिए :** **2 x 1 = 2**

५०. तरुण, धरती

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए :** **2 x 1 = 2**

५१. मज़बूत, ज़ात

VI **अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **5 x 1 = 5**

५२. डार्टिंगटन हाँल को इंग्लैंड का शांतिनिकेतन कहा जा सकता है । शांतिनिकेतन का नाम मैं जान बूझकर ले रहा हूँ । यदयपि उसके संस्थापक एल्महर्स्त दंपति में से कोई कवि नहीं है । लेओनाई एल्महर्स्त स्वयं उत्तरी इंग्लैंड के हैं, और उनकी पत्नी डारोथी न्यार्क के एक धनिक परिवार की । दोनों की पंरपराएँ उन्हें तीव्र व्यवहार–बुदूधि देती हैं लेकिन दोनों का जीवन विवाह से पहँले थी साहसिक और परिवर्त नमय रहा और व्यावहारिकता के साथ प्रयोग करने की प्रवृत्ति दोनों में है । अमेरिका में लेओनाई ने कृषि–विज़ान की शिक्षा के साथ–साथ कृषि के प्रयोगों की प्रवृत्ति भी पाई थी शिक्षा पूरी करके वह भारत आए और संयोग से रवींद्रनाथ ठाकुर से उनका परिचय हुआ । सन् १९२४ में एल्महर्स्त सारा काम अपने भारतिय सहयोगियों को सौपंकर इंग्लैंड लौट गए, जहाँ उन्होंने विवाह किया और फिर दक्षिणी इंग्लैंड में डेवनशायर में जमीन खरीदकर अपनी नई संस्था का निर्माण आरंभ किया ।

**प्रश्नः**

१) डार्टिंगटन हाँल को इंगलैंड का क्या कहा जाता है ।
२) अमेरिका में लेओनाई ने कौनसी शिक्षा प्रतिकिया ।
३) लेओनई भारत आकर किससे मिले?
४) सन् १९२४ में एल्महर्स्त सारा काम किसंको सौंपकर इंग्लैंड लौट गए ।
५) दक्षिणी इंग्लैड में डेवनशायर में जमीन खरीदकर किसका निर्माण किया ।

**आ) 'छात्रावास में रहने का आनंद' विषय पर अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।**

**अथवा**

**'अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए ।** **1 x 5 = 5**

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5 x 1= 5**

५४.क) Tomorrow will be the last day of the month.
ख) Schools are the foundation of learning.
ग) Bangalore is called as centre of information technology.
घ) Every state has its own state language.
ङ) The security of our nation is our responsibility.

******